**Four lanning of road**

श्री दामोदर अग्रवाल **(भीलवाड़ा) :** सभापति महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र में भीलवाड़ा-छापड़ा- जहाजपुर-देवली रोड है, जिसकी लंबाई कुल 95 किलोमीटर है । इस रोड को टू लेन से फोन लेन किया जाए । यह मार्ग देवली के एनएच 52 से प्रारंभ हो कर जहाजपुर के 148 डी से जुड़ता है और छापड़ा तक जाता है । उसके बाद बनेरा होते हुए एनएच 48 से जुड़ता है ।

**14.00 hrs**

इस रोड पर अत्यधिक ट्रैफिक होने के कारण, जाम और दुर्घटनाओं के कारण न केवल आमजन परेशान होते हैं, बल्कि आपातकालीन सेवाएं भी ठप हो जाती हैं ।

पिछले लंबे समय से आमजन की यह मांग है कि इसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाए ।? (व्यवधान)